# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2020 (ANNUAL)

## SIL- HINDI (NLH)

## (द्वितीय भारतीय भाषा– हिन्दी)

*<u>परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–</u>*

*<u>समय 3 घंटे, 15 मिनट</u>*

Time 3:Hours, 15 min.

कुल प्रश्नों की संख्याः– 66

Total No. of Questions: - 66

Full Marks- 100

पूर्णांक– 100

***<u>Instructions for the candidates :-</u>***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न–पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने करने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब।**
5. खण्ड–अ में 60 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है ), इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर दिया जाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी द्वारा 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाने की स्थिति में कम्प्यूटर द्वारा प्रथम 50 प्रश्नों का मूल्यांकन किया जाएगा। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराए गये OMR–उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR शीट में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
6. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित है।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का उपयोग वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये है, जिनमें से एक सही है। इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्नित करें। [50x1=50]

1. मोहसिन के पास कितने पैसे है?

   A. दस पैसे B. बारह पैसे

   C. पंद्रह पैसे D. बीस पैसे

2. हामिद चिमटा कितने पैसे में लाया?

   A. तीन पैसे में B. पाँच पैसे में

   C. दस पैसे में D. पच्चीस पैसे में

3. “चिलचिलाती धूप को जो चाँदनी देवें बना” किस कविता की पंक्ति है?

   A. खुशबू रचते हैं हाथ B. पीपल

   C. झाँसी की रानी D. कर्मवीर

4. बालगोबिन भगत के बेटे को ‘आग’ किसने दी?

   A. बालगोबिन भगत ने B. पतोहू ने

   C. रिश्तेदार ने D. चाचा ने

5. पुरूलिया रोड से हुंडरू की दूरी कितनी है?

   A. 10 मील B. 12 मील

   C. 13 मील D. 14 मील

6. गोपियों ने कृष्ण की मुरली क्यों छुपाई?

A. चुराने के लिए
B. बजाने के लिए
C. बातचीत करने के लोभ से
D. तंग करने के लिए

7. 'ठेस' कहानी में कहाँ की लोकसंस्कृति का प्रभावी वर्णन है?

A. सीमांचल की
B. घाटी की
C. मिथिलांचल की
D. उत्तरांचल की

8. 'काकी' की सबसे छोटी बेटी कौन है?

A. शान्ति
B. मालती
C. आरती
D. मानू

9. 'बच्चे की दुआ' कविता किसके द्वारा लिखी गयी है?

A. शंकर शैलेन्द्र के द्वारा
B. मो0 इकबाल के द्वारा
C. नरोत्तम दास के द्वारा
D. कबीर दास के द्वारा

10. 'स्त्रियाँ भी निहत्थों पर वार नहीं करेगीं'– यह पंक्ति किस पाठ से ली गयी है?

A. 'अशोक का शस्त्र–त्याग' से
B. 'ठेस' से
C. 'विक्रमशिला' से
D. हौसले की उड़ान से

11. 'बैठक' में प्रत्यय है–

A. क
B. अ
C. अक
D. कू

12. 'चिड़ियाँ' का पर्यायवाची कौन है?

A. मैना
B. तोता
C. पक्षी
D. कबूतर

13. 'अधम' का विलोम है–

A. नीचे
B. उँचा
C. नीच
D. उत्तम

14. 'आजन्म' कौन समास है?

A. कर्मधारय
B. तत्पुरूष
C. अव्ययीभाव
D. बहुब्रीहि

15. 'अपमान' में उपसर्ग है–

A. अ
B. अप
C. अप्
D. अ्

16. 'पश्चिम' कौन संज्ञा है–

A. जातिवाचक
B. व्यक्तिवाचक
C. भाववाचक
D. समूहवाचक

17. शुद्ध शब्द है–

A. कौशलता
B. आवश्यक
C. ज्ञानमान्
D. देहिक

18. 'नयन' का संधि– विच्छेद है–

A. ने़ + अन
B. ने + अन्
C. न + यन
D. नय + न

19. 'ईर्ष्या: तू न गई मेरे मन से' के लेखक है–

A. प्रेमचंद
B. अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
C. बंशीधर श्रीवास्तव
D. रामधारी सिंह दिनकर

20. 'ईर्ष्या' का काम क्या है?

A. बुझाना B. समझाना

C. जलाना D. तड़पाना

21. तिब्बत में बौद्ध धर्म का प्रचार–प्रसार किसने किया?

A. गौतम बुद्ध B. अतिश दीपंकर

C. महावीर D. हरिभद्र

22. किसे शांतिभद्र भी कहा गया गया है?

A. हरिभद्र को B. शांतिरक्षित को

C. द्वार पण्डित D. आर्यभटट् को

23. विक्रमशीला का अविर्भाव किस राजा के संरक्षण में हुआ?

A. देवपाल के B. रामपाल के

C. धर्मपाल के D. विजयपाल के

24. 'दीदी की डायरी' पाठ क्या है?

A. कहानी B. निबंध

C. डायरी D. यात्रावृतांत

25. 'संजू' को डायरी लिखने की प्रेरणा किससे मिली?

A. दीदी से B. माँ से

C. भैया से D. नीलू से

26. 'पीपल' शीर्षक कविता के केन्द्र में क्या है?

A. प्रचीन पीपल– वृक्ष B. आम्र–वृक्ष

C. नीम–वृक्ष D. बड़–वृक्ष

27. 'जो रहीम दीनहिं लखै, दीनबंधु सम होय।' किस लेखक पर सटीक बैठती है?

A. गोपाल सिंह नेपाली
B. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला
C. जयशंकर प्रसाद
D. महादेवी वर्मा

28. 'दीनबंधु निराला' किसके द्वारा लिखा गया है?

A. अरूण कमल
B. रामवृक्ष बेनीपुरी
C. शिवपूजन सहाय
D. रामधारी सिंह दिनकर

29. 'खेमा' कैसी कहानी है?

A. मनोवैज्ञानिक
B. व्यंग्यात्मक
C. साम्प्रदायिक
D. बाल–मजदूरी की नृशंसता को उभारने वाली

30. होटल के मालिक का क्या नाम था?

A. केशव
B. दिलावर
C. कसारा
D. विश्वनाथ

31. 'खूशबू रचते हैं हाथ' कविता के कवि कौन है?

A. अरूण कमल
B. सुभद्रा कुमारी चौहान
C. महादेवी वर्मा
D. नरोत्तम दास

32. 'तपोवन' का संधि–विच्छेद है–

A. तपः + वन
B. तप + ओवन
C. तपोव + न
D. त + पोवन

33. 'जैनब खानम' कहाँ की रहने वाली है?

A. मथुरापुर कहतरवा की B. रोहतास की

C. कैमूर की D. भोजपुर की

34. 'विक्रमशिला' उत्कृष्ट शिक्षा का केन्द्र बन गया था–

A. दसवीं–ग्यारहवीं सदी तक B. तेरहवीं सदी तक

C. बारहवीं– चौदहवीं सदी तक D. नौवीं सदी तक

35. विक्रमशिला विश्वविद्यालय के प्रथम– कुलपति कौन थे?

A. हरिभद्र B. शीलभद्र

C. शांतिरक्षित D. धर्मपाल

36. 'होटल' के पास क्या था?

A. दवा दुकान B. सिनेमाघर

C. क्लिनिक D. सैलून

37. कौन– सी प्रतियोगिता में सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था?

A. कबड्डी B. एथिलेटिक्स

C. क्रिकेट D. शतरंज

38. बिहार की बेटियों की असााधारण विशेषताओं का उद्घाटन करता है–

A. हौसले की उड़ान B. ईदगाह

C. ईर्ष्याः तू न गई मेरे मन से D. खेमा

39. कर्पूरी ठाकुर ने कॉलेज का त्याग कब किया?

A. 1942 ई. में B. 1922 ई. में

C. 1945 ई. में D. 1948 ई. में

40. 'घर' का पर्यायवाची होगा–

A. निकेतन B. धनद

C. पद्म D. वासव

41. 'अथ' का विलोम है–

A. अथि B. उति

C. इति D. अति

42. 'बात का धनी' मुहावरे का अर्थ है–

A. वायदे का पक्का B. बात करने में निपुण

C. बातूनी D. बेमतलब की बात

43. इनमें शुद्ध वाक्य है?

A. एक–एक करके सभी मर गए

B. चरखा कातना चाहिए

C. व्यायाम करना चाहिए, ताकि हम स्वस्थ रहें

D. यह कहना आपकी भूल है

44. 'सभाभवन' कौन सा समास है?

A. तत्पुरूष B. बहुब्रीहि

C. कर्मधारय D. द्विगु

45. कर्पूरी ठाकुर कब ताजपुर विधान– सभा क्षेत्र से जीते?

A. 1953 ई. में B. 1954 ई. में

C. 1952 ई. में D. 1951 ई. में

46. कसारा क्या लेने बाजार गया?

A. दूध लेने B. चाय पत्ती, शक्कर लेने

C. गुड़ लेने D. नमक लेने

47. भला– बुरा कौन– सा समास है?

A. कर्मधारय
B. द्विगु
C. द्वन्द्व
D. तत्पुरूष

48. दीनबंधु निराला की नियुक्ति सबसे पहले कहॉ हुई?

A. आश्रम में
B. धर्मशाला में
C. वृद्धाश्रम में
D. रामकृष्ण मिशन की सेवा में

49. व्यक्ति को प्रत्येक दिन क्या लिखना चाहिए?

A. भजन
B. डायरी
C. गीत
D. कहानी

50. 'ईर्ष्या' का संबंध किससे होता है?

A. अपने से बड़े से
B. धनी व्यक्ति से
C. प्रतिद्वंद्वियों से
D. अपने से छोटे से

51. ईर्ष्यालु व्यक्ति आनन्द नही उठा पाता है–

A. जो दूसरो के पास है
B. जो उसके पास मौजूद है
C. जो पड़ोसी के पास है
D. जो भाई के पास है

52. रामधारी सिंह दिनकर कहाँ के रहने वाले थे?

A. उत्तर प्रदेश
B. बिहार
C. मध्यप्रदेश
D. पंजाब

53. पद्मा कौन थी?

A. कलिंग महाराज की पुत्री
B. मेवाड़ की राजकुमारी
C. विजयगढ़ की कन्या
D. जयपुर की राजकुमारी

54. महमूद के पास कितने पैसे थे?

A. पन्द्रह पैसे
B. दस पैसे
C. बारह पैसे
D. पाँच पैसे

55. हामिद की दादी का क्या नाम है?

A. आबिदा
B. अमीना
C. फातिमा
D. नजमा

56. 'मानवता' में प्रत्यय है–

A. ता
B. त
C. अ
D. आ

57. 'सम्मी' ने क्या लिया? 'ईदगाह' शीर्षक कहानी के आलोक में बतलाएँ।

A. तगाड़ी
B. खंजरी
C. बाल्टी
D. लोटा

58. 'बालगोबिन भगत' का बेटा कैसा था?

A. सुस्त और बोदा
B. तीव्र और चालाक
C. हँसमुख
D. गुस्सैल

59. 'प्रकाश' में उपसर्ग है–

A. प
B. प्र
C. पर
D. पअ

60. 'सिरचन' जाति का क्या है?

A. राजमिस्त्री
B. कारीगर
C. ठठेरा
D. मछुआरा

## खण्ड–ब (गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होगा। (5x2=10)

(क). एक समय था जब कि श्री राम का यश न केवल भारत में, प्रत्युत इस पृथ्वी के अन्य कई भागों में फैला हुआ था। अमेरिका अथवा पाताल देश के प्राचीन मेक्सिको निवासी रामसीतव के नाम से जो उत्सव मनाते है, क्या वह सिद्ध नहीं करता था कि यश प्राचीन काल में भारत से इतर अन्यान्य कई देशों में घूमता हुआ अमेरिका में पहुँचा था। श्री रामचन्द्र जी के समय के बाद भी जब तक आर्यसन्तान अर्योचित जीवन व्यतीत करती थी, तब तक रामचरित्र की पवित्रता के सम्मुख आर्य सन्तान आर्योचित जीवन का निर्वहन करते हुए भली–भाँति शीश झुकाती रही तो आश्चर्य की बात क्या है? महाभारत का रामापाख्यान सिद्ध कर रहा है कि रामयश श्रवण कर महाभारत के समय के वीरगण भी अपना सुधार करना चाहते थे, तथा महाभारत के भिन्न– भिन्न स्थानों में आई हुई रामायण के वीरो की उपमाएँ भी स्पष्ट सिद्ध कर रही हैं कि उस समय के पतित वीरों की कामना थी कि वे राम और उनके समकालीन वीरों का अनुकरण करते, यद्यपि वे अपने कुसंस्कारों के कारण अनुकरण करने में असमर्थ हो गए थे।

1. इस गद्यांश का शीर्षक लिखें।
2. पाताल देश को आजकल क्या कहा जाता है?
3. 'रामसीतव' नामक उत्सव को कौन लोग मनाते हैं?

4. महाभारत काल के वीर राम के चरित्र को आदर्श मानते थे, इसके क्या प्रमाण है?

5. पतित वीर लोग राम के चरित्र का अनुकरण क्यों नही कर सकते थे?

(ख). जहाँ आदमी की अपनी जिंदगी मजेदार बनाने के लिए खाने, पीने, चलने, फिरने आदि की जरूरत है, वहीं बातचीत की भी उसको अत्यंत आवश्यकता है। जो कुछ मवाद या धुँआ जमा रहता है, वह बातचीत के जरिए भाप बनकर बाहर निकल पड़ता है। चित्त हल्का और स्वच्छ हो परम आनन्द में मग्न हो जाता है। बातचीत का भी एक खास तरह का मजा होता है। जिनको बातचीत करने की लत पड़ जाती है, वे इसके पीछे खाना–पीना भी छोड़ बैठते हैं। अपना बड़ा हर्ज कर देना उन्हें पसंद आता है, पर वे बातचीत का मजा नहीं खोना चाहते। रॉबिन्सन क्रूसो का किस्सा बहुधा लोगों ने पढ़ा होगा जिसे 16 वर्ष तक मनुष्य– मुख देखने को भी नहीं मिला। कुत्ता, बिल्ली आदि जानवरों के बीच में रह 16 वर्ष के उपरांत उसने फ्राइडे के मुख से एक बात सुनी। यद्यपि उसने अपनी जंगली बोली में कहा था, पर उस समय रॉबिंन्सन को ऐसा आनंद हुआ मानो उसने नये सिरे से फिर से आदमी का चोला पाया। इससे सिद्ध है कि मनुष्य की वाक्शक्ति में कहाँ तक लुभा लेने की ताकत है।

1. मनुष्य को खाने–पीने के अतिरिक्त और किस चीज की अत्यंत आवश्यकता है?

2. भाप बनकर क्या निकल पड़ता है?

3. क्या करने से चित्त हल्का और स्वच्छ हो जाता है?

4. बातचीत का मजा कौन नहीं छोड़ना चाहता?

5. किसे 16 वर्ष तक मनुष्य का मुख देखने को नहीं मिला?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंको का है। (2X5=10)

(क). भारत वर्ष का शौर्य रक्त–पिपासा नहीं है। यह भेड़िए की भूख नहीं है, यह झूठ–मूठ बादलों को गरजते देखकर शेर के गरज उठने का उत्साह भी नहीं है, यह उदान्त गुणों की कसौटी है, दूसरों को पराजित करने की नहीं। पराजित करके भी वह उसका नाश नहीं करता। उन्हें उखाड़कर फिर से आरोपित करने में विश्वास करता है, जिससे उसके फल खट्टे न होकर मीठे हो, वह शांत और धैर्यशाली चित्त का उन्नयन है जो अपना प्रदर्शन नहीं करता, समय आने पर अत्यंत सहज भाव से पराक्रम का परिचय देता है, वह ऐसी शक्ति है जो शिव से पराक्रम का परिचय देता है, वह ऐसी शक्ति है जो शिव के साथ जुड़ी हुई है।

(1). लेखक ने भारतवर्ष के शौर्य को क्या कहा है?

(2). पराजितों के संबंध में भारत की क्या नीति है?

(3). भारत के शौर्य का संबंध किससे जोड़ा गया है?

(4). कौन–सी शक्ति शिव के साथ जुड़ी हुई है?

(5). गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दें।

(ख). गोस्वामी जी का जीवन अत्यंत यातना और संघर्ष में गुजरा। बचपन में ही अनाथ होकर भिक्षाटन करते हुए साधुओं की मंडली से जा लगे और उनके साथ देशाटन करते रहे। स्वामी रामानन्द की परंपरा के उनके गुरू नरहरिदास ने शिक्षा–दीक्षा की व्यवस्था की। युवावस्था में उनका विवाह भी हुआ। वे कथावाचन की वृति से अपनी गृहस्थी चलाते थे। शीघ्र ही गृहस्थ

जीवन का परित्याग कर वे विरक्त साधु जीवन में चले आए। इस जीवन में व्यापक परिभ्रमण करते हुए उन्होंने लोकजीवन से संपृक्ति और तादात्म्य स्थापित किया। उनके काव्यों में लोकजीवन के व्यापक बहुविध अंतरंग ज्ञान और अनुभव की अभिव्यक्ति हुई है। स्पष्ट है कि इनके पीछे उनका व्यापक पर्यवेक्षण अनुभव और अध्ययन था।

(1). गोस्वामी जी का जीवन कैसा था?

(2). वे क्या करते थे?

(3). उनके गुरू का क्या नाम था?

(4). वे अपनी गृहस्थी कैसे चलाते थे?

(5). उनके काव्यों में किसकी अभिव्यक्ति हुई है?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत– बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250–300 शब्दों में निबंध लिखे। (1X10=10)

(क). स्वदेश– प्रेम

(1). भूमिका

(2). स्वरूप

(3). महत्त्व

(4). निष्कर्ष

(ख). बाल–दिवस

(1). भूमिका

(2). मनाने के कारण

(3). महत्त्व

(4). निष्कर्ष

(ग). क्रिसमस

(1). भूमिका

(2). स्वरूप

(3). मनाने के कारण

(4). लाभ

(5). निष्कर्ष

(घ). मित्रता और इसका महत्व

(1). भूमिका

(2). कारण

(3). हानि

(4). लाभ

(5). निष्कर्ष

(ड). आदर्श अध्यापक

(1). भूमिका

(2). महत्व

(3). गुण

(4). लाभ

(5). निष्कर्ष

4. अपने मित्र को उनके जन्मदिन के लिए बधाई पत्र लिखें। 1x5=05

अथवा

बाल–मजदूरी के विषय पर दो मित्रों में संवाद लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर 20–30 शब्दों में लिखिए– 5x2=10

(क). नमाज खत्म होने के बाद लोग क्या कर रहे थे?

(ख). चिमटा देखकर अमीना के मन में कैसा भाव जगा?

(ग). हुंडरू का झरना कैसे बना है?

(घ). आपके विचार से सिरचन का महत्व कम क्यों हो गया?

(ड़). पद्मा के ललकारने के बाद भी अशोक ने युद्ध करना स्वीकार क्यों नही किया?

(च). 'मोको' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

(छ). कैसा वातावरण मिलने पर बुलबुल पंछी गाने लगती है?

(ज). 'खुशबू' रचते हैं 'हाथ' से क्या तात्पर्य है?

6. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें। 1x5=5

(क). लेखक ने वैद्य और हकीम पर क्या–क्या कहकर व्यंग्य किया है? उनमें से सबसे तीखा व्यंग्य किस पर है? उल्लेख कीजिए।

(ख). सुदामा के आगमन की सूचना देते हुए द्वारपाल की मनोदशा का चित्रण कीजिए।